CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 356 ▫ रायपुर, रविवार 19 जनवरी 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### काकचिंग में प्रतिबंधित संगठन का एक सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 19 जनवरी (न्यूज चैनल)।** मणिपुर पुलिस ने काकचिंग जिले से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलेईपाक (यूपीपीके) के एक सदस्य को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने रविवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उग्रवादी को शनिवार को काकचिंग के हियांगलम लाई पंगाम्बा इलाके से गिरफ्तार किया गया था। सुरक्षा बलों ने एक सिंगल-बोर बैरल (स्नाइपर), एक देशी राइफल, एक कार्बाइन मैगजीन, तीन .303 मैगजीन, एक हैंड ग्रेनेड, एक डेटोनेटर, गोला-बारूद और अन्य सामान जब्त किया। मणिपुर के कांगपोकपी जिले में पुलिस और सीआरपीएफ की टीमों ने 25 एकड़ की अवैध पोस्ता की खेती को नष्ट कर दिया। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने इसकी जानकारी दी।

### समझौता लागू होने की समयसीमा पूरी, हमास ने नहीं सौंपी बंधकों की सूची, गाजा में इस्राइली सेना के हमले तेज

**नई दिल्ली, 19 जनवरी (न्यूज चैनल)।** इस्राइल-हमास के बीच गाजा में युद्ध विराम समझौता लागू होने की समयसीमा बीत चुकी है। मगर अब तक समझौता शुरू नहीं हुआ है। हमास की ओर से रिहा होने वाले बंधकों की सूची न मिलने के चलते इस्राइल ने समझौता शुरू करने से इन्कार कर दिया। वहीं इस्राइल की ओर से गाजा पट्टी में हमले जारी रहे। यहां इस्राइली टैंक ने बमबारी की। दरअसल, इस्राइल-हमास के बीच छह हफ्ते तक चलने वाला पहले चरण का संघर्ष विराम रविवार सुबह 8.30 बजे से लागू होना था। इसके तहत हमास को पहले चरण में 33 बंधकों को रिहा करना था। इसके बदले में इस्राइल 700 फलस्तीनी कैदियों को मुक्त करेगा। मगर इस्राइल के सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि सेना अभी भी गाजा क्षेत्र के अंदर हमला कर रही और जब तक हमास समझौते का पालन नहीं करता, तब तक हमला जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि हमास के कारण युद्धविराम की शुरुआत में देरी हुई है।

# तेज रफ्तार माजदा ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, 2 की मौके पर हुई मौत

**बेमेतरा, 19 जनवरी (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में बीती रात एक दर्दनाक हादसा हो गया. यहां दाढ़ी थाना क्षेत्र के कठौतिया गांव में तेज रफ्तार माजदा वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने टक्कर मारने वाले माजदा वाहन को आग के हवाले कर दिया. हालांकि, माजदा का चालक घटना स्थल से फरार हो चुका था. इस हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर दोनों मृतकों के शव को पीएम के लिए रवाना कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है. जानकारी के अनुसार, मृतकों की पहचान ढालचंद साहू (पूर्व सरपंच, कठौतिया)



और रामचंद पटेल के रूप में हुई है. टक्कर के बाद दोनों के शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गए. इससे घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने माजदा को आग में झोंक दिया।



*रायपुर- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज नया रायपुर के मंत्रालय भवन महानदी मे कैबिनेट की बैठक रखी गई थी इस कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले आज लिए जा सकते हैं नगरीय निकाय चुनाव से पहले यह आखिरी कैबिनेट की बैठक मानी जा रही है ऐसे में इस कैबिनेट बैठक को लेकर सभी वर्ग की नज़रें लगी हुई है।*

#### मन की बात में बोले पीएम मोदी

## महाकुंभ एकता, समता और समरसता का संगम युवाओं के जुड़ने से स्वर्णिम भविष्य सुनिश्चित

**नई दिल्ली, 19 जनवरी (न्यूज चैनल)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को महाकुंभ को एकता और समता-समरसता का असाधारण संगम करार दिया। उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में कहीं भी कोई भेदभाव और जातिवाद नहीं है। आकाशवाणी पर हर महीने प्रसारित होने वाले रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 118वीं कड़ी और साल 2025 की पहली कड़ी में अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने महाकुंभ में युवाओं की बढ़ती भागीदारी का जिक्र किया।



पीएम मोदी ने कहा कि जब युवा पीढ़ी अपनी सभ्यता के साथ गर्व से जुड़ जाती है तो उसकी सभ्यतागत जड़े और मजबूत होती है और तब उसका स्वर्णिम भविष्य भी सुनिश्चित हो जाता है। प्रधानमंत्री ने इस दौरान 25 जनवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह दिन इसलिए अहम है, क्योंकि इसी दिन भारतीय निर्वाचन आयोग की स्थापना हुई थी।

पीएम मोदी ने कुंभ, पुष्करम और गंगा सागर मेले का जिक्र करते हुए कहा कि ये पर्व सामाजिक मेल-जोल, सद्भाव और एकता को बढ़ाने वाले पर्व हैं। उन्होंने कहा कि ये पर्व भारत के लोगों को भारत की परंपराओं से जोड़ते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, कुंभ में दक्षिण, पश्चिम और हर कोने से लोग आते हैं। कुंभ में गरीब और अमीर सब एक हो जाते हैं और सब लोग संगम में डुबकी लगाते हैं। एक साथ भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हैं। तभी तो कुंभ एकता का महाकुंभ है। कुंभ का आयोजन हमें यह भी बताता है कैसे हमारी परंपराएं पूरे भारत को एक सूत्र में बांधती हैं। उन्होंने कहा कि इस बार कुंभ में युवाओं की भागीदारी बहुत व्यापक रूप में नजर आई है। उन्होंने कहा, जब युवा पीढ़ी अपनी सभ्यता के साथ गर्व के साथ जुड़ जाती है तो उसकी जड़े और मजबूत होती है और तब उसका स्वर्णिम भविष्य भी सुनिश्चित हो जाता है। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में पौष द्वादशी के दिन अयोध्या में राम मंदिर में राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ का भी जिक्र किया और कहा कि प्राण प्रतिष्ठा की यह द्वादशी भारत की सांस्कृतिक चेतना की पुनः प्रतिष्ठा की द्वादशी बन गई। उन्होंने कहा, हमें विकास के रास्ते पर चलते हुए ऐसे ही अपनी विरासत को भी सहेजना है और उनसे प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ना है।

### सैफ के हमलावर का बांग्लादेशी कनेक्शन; रोहिंग्या मुद्दा उठाकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार को घेरा

**नई दिल्ली, 19 जनवरी (न्यूज चैनल)।** अभिनेता सैफ अली खान पर हमला मामले में बांग्लादेशी और रोहिंग्या का एंगल सामने आया है। बताया जा रहा है कि अभिनेता पर हमला करने वाला आरोपी बांग्लादेशी है। महाराष्ट्र कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता अतुल लोंढे पाटिल ने इस पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में बांग्लादेशी महाराष्ट्र आते हैं। इसे लेकर उन्होंने केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने सरकार से पूछा कि पांच-छह राज्यों को पार करते हुए वे (बांग्लादेशी) महाराष्ट्र कैसे आते हैं? इसका साथ ही कांग्रेस नेता ने बीएसएफ और सेना पर भी सवाल उठाया। महाराष्ट्र कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता अतुल लोंढे पाटिल ने कहा, यह बहुत गंभीर मुद्दा है। ऐसे आरोप लगाए जा रहे हैं कि बड़ी संख्या में रोहिंग्या और बांग्लादेशी महाराष्ट्र आते हैं।

## भालू के हमले से दो की मौत, दो घायल

**भानुप्रतापपुर, 19 जनवरी (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां भालू के हमले से पिता और बेटे की



मौत हो गई। वहीं दो और लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जब वन विभाग की टीम मृतकों का शव लेने पहुंची, तब भालू ने दोबारा हमला कर दिया। इस दूसरे हमले में डिप्टी रेंजर गंभीर रूप से घायल हो गए। यह मामला वन परिक्षेत्र कोरर के ग्राम डोंगरकट्टा है। दरअसल, डोंगरकट्टा निवासी ग्रामीण सकुलाल दर्रो और 22 वर्षीय युवक अज्जू नरेटी पिता घिरामी नरेटी खेत की ओर गए थे। इसी बीच भालू ने अचानक दोनो ग्रामीणों पर हमला बोल दिया।जिसमें सुकलाल दर्रो की मौके पर मौत हो गई वहीं अज्जू नरेटी घायल हो गया। जिसे अस्पताल इलाज के लिए भिजवाया गया। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर वन विभाग, पुलिस और गांव वाले घटनास्थल पर पहुँचे। बड़ी संख्या में ग्रामीण और वन विभाग के कर्मी शंकर लाल दर्रो और उनके पुत्र सुकलाल दर्रो का शव लेने जंगल में घुसे। इस दौरान डिप्टी रेंजर नारायण यादव पर भी भालू ने हमला कर दिया। दूसरा वनकर्मी विकास कुमार किसी तरह हमले से बचा। भालू के गुस्से को देखते हुए ग्रामीण बिना शव लिए वापस लौट गए।भालू के गुस्से को देखते हुए शव अभी जंगल से लाया नहीं जा सका है। घायल डिप्टी रेंजर और ग्रामीण का ईलाज अस्पताल में जारी है। वन विभाग की टीम जंगल के बाहर तैनात है और ग्रामीणों को जंगल अंदर जाने से रोक रही है।

## दो ईनामी समेत 3 नक्सली गिरफ्तार



**सुकमा, 19 जनवरी (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलवाद के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. जिले के थाना चिंतागुफा क्षेत्र में पुलिस ने 2 ईनामी नक्सली समेत कुल 3 नक्सलियों को धर दबोचा है. गिरफ्तार नक्सलियों में से 1 नक्सली पर 2 लाख रुपये और 1 नक्सली पर 1 लाख रुपये का इनाम था. गिरफ्तार नक्सली साल 2024 में दुलेड़ के पास हुए एक पीकअप वाहन लूटपाट और वाहन में आग लगाने की घटना में शामिल थे. चिंतागुफा पुलिस बल और डीआरजी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए इन्हें गिरफ्तार कर लिया है.पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, दक्षिण बस्तर डिवीजन के नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे उन्मूलन अभियान के तहत, 16 जनवरी 2025 को थाना चिंतागुफा से जिला बल और डीआरजी की संयुक्त पार्टी दुलेड़, मेटागुड़ा, एर्रनपल्ली और आसपास के जंगल क्षेत्रों में नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना हुई थी. इस दौरान, दुलेड़ के जंगल क्षेत्र में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को देखा गया, जो पुलिस पार्टी को देखकर भागने लगे. पुलिस ने घेराबंदी कर तीन संदिग्धों को पकड़ा, जो बाद में नक्सली निकले. पुलिस की पूछताछ में नक्सलियों ने बताया वे दुलेड़ में पीकअप वाहन से लूटपाट आगजनी घटना समेत जिले में हुई अन्य नक्सली घटनाओं में भी शामिल थे. इस घटना के संबंध में थाना चिंतागुफा में पहले ही अपराध क्रमांक 03/2024 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था।

## प्रदेश के बिजली कारखानों में श्रमिकों के खराब स्वास्थ्य को लेकर हाईकोर्ट ने जताई चिंता, विभाग को कड़ी कार्रवाई का दिया आदेश

**बिलासपुर, 19 जनवरी (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्रों में श्रमिकों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की उपेक्षा पर गहरी चिंता व्यक्त की है। अदालत ने राज्य सरकार को इन संयंत्रों की पुनः जांच कराने और श्रमिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया है। दरअसल कोयले से बिजली बनाने वाले कारखानों में व्याप्त प्रदूषण का श्रमिकों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। इससे बचाव के लिए किये जाने वाले उपाय पर निगरानी की जिम्मेदारी संचालनालय, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के ऊपर है, मगर सही तरीके से मॉनिटरिंग नहीं होने के चलते अधिकांश



संयंत्रों द्वारा केवल औपचारिकता निभाई जा रही है और श्रमिकों के स्वास्थ्य की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस मुद्दे को लेकर हाईकोर्ट में दायर याचिका पर सुनवाई चल रही है।

**न्याय मित्रों ने की थी संयंत्रों की जांच**

हाईकोर्ट द्वारा इस मामले की सुनवाई के दौरान कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्रों की जांच के लिए 10 अधिवक्ताओं को न्याय मित्र बनाया गया था। अधिकांश संयंत्रों की रिपोर्ट में कोयला संयंत्रों में श्रमिकों की खराब स्वास्थ्य स्थिति और नियमों के उल्लंघन की जानकारी दी गई है। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने मामले से जुड़े न्याय मित्रऔर कोर्ट कमिश्नरों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न रिपोर्टों का अवलोकन किया।

**राज्य सरकार ने संयंत्रों में खामियां स्वीकारी**

हाईकोर्ट में राज्य सरकार की ओर से प्रस्तुत रिपोर्ट में यह स्वीकार किया गया कि निरीक्षण के दौरान कई संयंत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं और सुरक्षा मानकों की कमी पाई गई है। हालांकि, अदालत ने इस बात पर नाराजगी जताई कि इन उल्लंघनों पर कार्रवाई करने में देरी हुई। श्रमिकों के स्वास्थ्य संबंधी रिपोर्टों से इस बात का खुलासा हुआ है कि औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा संयंत्रों से नियमों का कड़ाई से पालन नहीं कराया जा रहा है।




CMYK